प्रेस नोट -जनपद अमरोहा
दिनांक-10.09.2025

थाना सैदनगली पुलिस द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा के सहयोग से हत्या की घटना का अनावरण कर 01 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल (एक लोहे के पाईप मे जुडा चैन स्पाकिट) बरामद।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर श्री दीप कुमार पंत के निकट पर्यवेक्षण में थाना सैदनगली पुलिस द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा के सहयोग से हत्या की घटना का सफलतापूर्वक अनावरण कर 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से आलाकत्ल (एक लोहे के पाईप मे जुडा चैन स्पाकिट) बरामद हुआ।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 06.09.2025 को समय करीब दोपहर 03.40 बजे थाना सैदनगली क्षेत्रान्तर्गत इकोन्दा रोड पर बन्द पडी मैंथा फैक्ट्री के पास तालाब के किनारे मृतक जीशान अहमद पुत्र अनीश अहमद उम्र करीब 30 वर्ष कस्बा उझारी थाना सैदनगली का शव संदिग्ध परिस्थितियो में पड़ा होने के सूचना प्राप्त हुई, सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, थाना सैदनगली पुलिस व फिल्ड यूनिट मौके पर पहुँचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक की स्पलेन्डर बाईक तालाब में पडी मिली थी। स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये शव का पोस्टमार्टम कराया गया एवं मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर थाना सैदनगली पर मु0अ0सं0 235/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम बिलाल पुत्र नईम निवासी मो0 नोरंगाबाद कस्बा उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा पंजीकृत किया गया।
पुलिस अधीक्षक, अमरोहा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के कुशल पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी हसनपुर के मार्गदर्शन में थाना सैदनगली पर टीम का गठन किया गया।
गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं सर्विलांस के माध्यम से आज दिनांक 10.09.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त बिलाल पुत्र नईम निवासी मौ0 नौरंगाबाद कस्बा उझारी थाना सैदनगली अमरोहा को ढबारसी रोड से मंगरौला की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर सापा अन्डर पास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पंजीकृत अभियोगः-
मु0अ0सं0 235/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस थाना सैदनगली, अमरोहा।

पूछताछ विवरण:-
पूछताछ से जानकारी हुई कि अभियुक्त बिलाल एवं उसके दोस्त मृतक जिशान में लगभग 4 माह पूर्व विवाद हुआ था, बाद में सुलह हो गई थी। दिनांक 05.09.2025 को मृतक जिशान द्वारा अभियुक्त बिलाल के साथ गाली गलौज की गयी तो इससे आहत होकर बिलाल ने बदला लेने की योजना बनायी। उसने घर में रखा लोहे का पाइप (चेन स्पाकिट सहित) झाड़ियों में छिपा दिया। उसी दिन शाम को मृतक जिशान को घुमाने के बहाने इकोंदा रोड स्थित बंद मैंथा फैक्ट्री के पास ले गया। वहां दोनों ने शराब पी, जिशान नशे में हो गया तो बिलाल ने छिपाए गये पाइप से उसके सिर व शरीर पर वार कर हत्या कर दी। बाद में मृतक जिशान की मोटरसाइकिल तालाब में डाल दी, मोबाइल फेंक दिया तथा हत्या में प्रयुक्त पाइप झाड़ियों में छिपा दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त:-
1. बिलाल पुत्र नईम निवासी मौ0 नौरंगाबाद कस्बा उझारी थाना सैदनगली

बरामदगी:-
1. आलाकत्ल (एक लोहे के पाईप मे जुडा चैन स्पाकिट)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

थाना सैदनगली-

1. थानाध्यक्ष श्री विकास कुमार थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
2. व0उ0नि0 नीरज कुमार थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
3. का0 444 गजेन्द्र सिह थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
4. का0 1031 शिवा हुड्डा थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
5. का0 770 हिलाल थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
6. का0 350 अंकित मलिक थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।
7. का0 556 गौरव तोमर थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।

एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा:-

1. उ0नि0 कुलदीप तोमर प्रभारी एसओजी अमरोहा।
2. हे0का0 गौरव शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा।
3. हे0का0 वाजिद अली सर्विलांस सेल अमरोहा।
4. हे0का0 प्रवेश कुमार बर्मन सर्विलांस सेल अमरोहा
5. का0 अरविन्द शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा।
6. का0 अंकुर एसओजी टीम अमरोहा।
7. का0 कृष्णवीर सिंह एसओजी टीम अमरोहा।
8. का0 विपिन सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।
9. का0 कमल कुमार सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।
10. का0 आशीष एसओजी टीम अमरोहा।
11. काo लवी चौधरी सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।